# तकनीक से बढ़ेगी किसानों की आमदनी

▸ पराली से सड़क तक बायो-बिटुमेन की ऐतिहासिक पहल- शिवराज

**नई दिल्ली, 30 मार्च।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सीएसआईआर मुख्यालय, अनुसंधान भवन, नई दिल्ली में आयोजित लिग्नोसेल्युलोसिक बायोमास से बायो-बिटुमेन - फार्म रेजिड्यू टू रोड्स विषयक प्रौद्योगिकी हस्तांतरण कार्यक्रम में कहा कि पराली से बायो-बिटुमेन बनाकर सड़क निर्माण तक का यह सफ़र सचमुच ऐतिहासिक, शानदार और भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाला कदम है।



### आत्मनिर्भर भारत और आयात पर निर्भरता घटाने की ठोस राह

श्री चौहान ने जोर देकर कहा कि आज की दुनिया में भारत किसी पर निर्भर रहकर नहीं चल सकता, इसलिए आत्मनिर्भर बनना अनिवार्य है, क्योंकि पता नहीं कब कौन सी चीज रुक जाए, किसका क्या गड़बड़ हो जाए. उन्होंने बताया कि बायो-बिटुमेन के माध्यम से बिटुमेन आयात में कमी आने से देश को लगभग साढ़े चार हज़ार करोड़ रुपये का सीधा लाभ होने की संभावना है, जो आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को ठोस आधार देगा. शिवराज सिंह ने कहा कि जब नीति सही, नियत स्पष्ट और नेता नरेंद्र मोदी जी जैसा हो, तब एक कदम से अनेकों समस्याओं के समाधान निकलते चले जाते हैं और वही आज इस कार्यक्रम के माध्यम से दिखाई दे रहा है.

### फसल उत्पादन, खाद्य सुरक्षा और नए शोध की दिशा

अपने संबोधन में श्री चौहान ने बताया कि भारत ने चावल उत्पादन में चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में पहला स्थान प्राप्त किया है और कभी अमेरिका से पीएल 480 गेहूँ मँगाने वाला देश आज शरबती गेहूँ और बासमती चावल की खुशबू से दुनिया को आकर्षित कर रहा है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ की आबादी वाले भारत के लिए खाद्य सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए दलहन, तिलहन, फल, सब्जियाँ और दालों में भी आत्मनिर्भरता जरूरी है तथा आईसीएआर और अन्य संस्थान जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच ऐसी किस्में विकसित कर रहे हैं.

## मुर्मु ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली 30 मार्च.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं. श्रीमती मुर्मु ने सोमवार को अपने संदेश में कहा कि महावीर जयंती के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों, विशेष रूप से जैन भाइयों और बहनों को अपनी शुभकामनाएं और बधाई देती हूं. भगवान महावीर के पांच सिद्धांत - अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह - हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं. इन सिद्धांतों को अपनाकर हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं.

# मुख्यमंत्री योगी ने विद्यार्थियों के नाम लिखा पत्र

**लखनऊ, 30 मार्च. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर प्रदेश के विद्यार्थियों और अभिभावकों के नाम एक प्रेरणादायक पत्र जारी किया है. योगी की पाती शीर्षक से जारी इस संदेश में उन्होंने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा, संस्कार और समग्र विकास पर विशेष जोर दिया है.**

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि नया शैक्षणिक सत्र नई उम्मीदों और अवसरों के साथ शुरू हो रहा है. उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और विद्यालय की अन्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को




गुणवत्तापूर्ण और संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपने संदेश में भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बच्चों को कर्तव्यनिष्ठ और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी. साथ ही स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों को जीवन में उतारने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने बच्चों को तकनीक का सही उपयोग करने, स्क्रीन टाइम कम करने और खेलकूद व योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की. उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही सफलता की कुंजी हैं. अभिभावकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अपील की कि वे अपने बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ आसपास के उन बच्चों को भी स्कूल तक पहुंचाने का संकल्प लें, जो किसी कारणवश शिक्षा से वंचित हैं. उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव में कई बच्चे विद्यालय नहीं जा पाते, ऐसे में समाज को आगे आकर जागरूकता फैलानी चाहिए. मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि 1 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक स्कूल चलो अभियान चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है.

उन्होंने विश्वास जताया कि

# मनरेगा को सरकार ने किया नजरअंदाज : खरगे

**नई दिल्ली, 30 मार्च। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मनरेगा खत्म करने और नया कानून लागू नहीं करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए सोमवार को कहा कि कोरोना काल में मजदूरों को राहत देने में इस योजना की अहम भूमिका रही है लेकिन श्री मोदी ने उसे नजरअंदाज किया है.**

श्री खरगे ने कहा एक ओर मनरेगा पर प्रभावी रूप से रोक जैसी स्थिति बना दी गई है, वहीं दूसरी ओर घोषित वीबी-जयराम-जी योजना अब तक लागू नहीं हो पाई है। कई राज्यों में मनरेगा खत्म करने की खबरें हैं जिसके कारण करोड़ों श्रमिकों के



समक्ष रोजगार का संकट पैदा हो गया है। उन्होंने मनरेगा को लेकर कई राज्यों में आंदोलन होने का दावा किया और कहा कि बिहार के मुजफ्फरपुर में पिछले 87 दिनों से लगभग 12 हजार मजदूर काम न मिलने के कारण आंदोलन कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों से मनरेगा के तहत काम बंद होने की खबरें आ रही हैं, जिससे ग्रामीण मजदूरों के सामने रोज़गार का संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने मनरेगा को कमजोर कर करोड़ों मजदूरों के काम के अधिकार को छीना है श्रमिकों को पर चोट पहुंचाई है। श्री खरगे ने महाराष्ट्र की नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि राज्य में मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्यों में से 53 प्रतिशत से भी कम कार्य पिछले पांच वर्षों में पूरे हुए हैं, जबकि करीब 2.5 लाख कार्य शुरू ही नहीं हो सके. रसोई गैस की महंगाई और उद्योगों की बदहाली के कारण शहरों से प्रवासी मजदूरों का पलायन बढ़ रहा है.

## बड़े पदों पर कमजोर वर्ग की हो हिस्सेदारी

**नयी दिल्ली, 30 मार्च.** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश के संस्थानों में बहुजन समाज की बड़े पदों पर हिस्सेदारी कम है और उनकी उचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण से आगे बढ़कर नीतिगत सुधार किए जाने चाहिए। श्री गांधी में सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उनसे मिलने जब भी किसी संस्थान या संगठन के लोग आते हैं तो सबकी शिकायत यही रहती है कि उनके संस्थान में वरिष्ठ पदों पर कमजोर वर्ग के लोगों की हिस्सेदारी नहीं के बराबर है.



# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बड़ी सौगात : भजनलाल

**जयपुर, 30 मार्च। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को एक लाख 22 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को दो यूनिफार्म के लिए एक-एक हजार रुपए डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की**

श्री शर्मा ने यहां मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में यह राशि डीबीटी की. इस दौरान श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, कालीबाई भील योजना के लाभार्थियों को चैक भी सौंपे। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नौनिहालों का पूरा ध्यान रखती हैं और वे इस भावी पीढ़ी की नींव को मजबूत कर राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले दो वर्ष में आंगनबाड़ियों के सुदृढ़ीकरण के लिए कई निर्णय लिए हैं. हमारी सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिड डे मील कुक कम हेल्पर सहित समस्त मानदेय कर्मियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि



की है जो एक अप्रैल से प्रभावी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अमृत आहार योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष आयु के बच्चों को सप्ताह में पांच दिन गर्म दूध दिया जा रहा है तथा आंगनबाड़ियों के सुदृढ़ीकरण-मरम्मत का कार्य भी करवाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि आगनबाड़ी कार्यकर्ता और महिला पर्यवेक्षकों को स्मार्ट फोन दिए गए हैं। साथ ही, आगामी समय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की आंखों की नि:शुल्क जांच एवं चश्मा भी उपलब्ध करवाया जाएगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि गांवों में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से ही सशक्त-आत्मनिर्भर भारत का निर्माण किया जा सकता है। इसी को ध्येय मानते हुए राज्य सरकार द्वारा 19 मार्च से 15 मई तक मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-वार्ड अभियान का संचालन किया जा रहा है. इस अभियान के तहत राज्य की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय वार्डों के लिए स्थानीय आकांक्षाओं के अनुरूप विकास का रोडमैप तैयार किया जा रहा है.

> राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती (31 मार्च) के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री शर्मा ने कहा कि भगवान महावीर की शिक्षाएं हमें मानवता की सेवा करने और सभी प्राणियों के प्रति करुणा रखने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा एवं अपरिग्रह के सिद्धान्त आज भी प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आह्वान किया है कि उन्हें भगवान महावीर के आदर्शों पर चलते हुए समृद्ध समाज के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए.

## धामी ने डॉ. जितेन को उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित किया

**देहरादून 30 मार्च।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में डॉ जितेन ठाकुर को प्रदेश के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित किया है. श्री धामी ने उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा आयोजित उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान समारोह-2025 में पांच विद्वानों को उत्तराखंड दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन पुरस्कार, आठ साहित्य नारी वंदन सम्मान और विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट साहित्यकारों एवं युवा कलमकार प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया। श्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है और लेखक केवल शब्दों के निर्माता नहीं, बल्कि समाज के मार्गदर्शक और प्रेरक भी होते हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन और उत्तराखंड राज्य निर्माण में साहित्यकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने इसे गर्व का विषय बताया कि उन्हें प्रदेश के महान साहित्यकारों को सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ।


### आज का इतिहास

1504- सिखों के दूसरे गुरु, गुरु अंगद देव जी का जन्म.
1727- महान भौतिकशास्त्री आइजक न्यूटन का निधन.
1774- भारत में पहला डाक सेवा कार्यालय (डाकघर) खोला गया.
1867- बंबई (मुंबई) में प्रार्थना समाज की स्थापना की गई.
1889- पेरिस में एफिल टॉवर को आधिकारिक तौर पर जनता के लिए खोला गया.
1921- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के झंडे को अंगीकार किया गया.
1938- प्रसिद्ध महिला राजनीतिज्ञ और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का जन्म.
1959- तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा को भारत में राजनीतिक शरण मिली.

# महाराष्ट्र के गड़चिरोली में सड़क हादसे में पांच की मौत, 12 घायल

**गड़चिरोली, 30 मार्च। महाराष्ट्र के गड़चिरोली जिले में एक निजी बस और कार के बीच आमने-सामने की टक्कर में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में आठ साल की एक बच्ची भी शामिल है.**

पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह दुर्घटना रविवार शाम को चामोरशी तालुका में तलोधी सड़क पर एक पेट्रोल पंप के पास हुई। हादसे के समय कथित तौर पर एक निजी टूर और ट्रैवल संचालक की बस ने शादी के मेहमानों को ले जा रही कार को टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार



कुरुल रामपुर गांव के लगभग 16 यात्री एक शादी में शामिल होने के बाद भदभिड़ी लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी और मौके पर ही कई लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान विमल कन्हूजी गव्हारे और सुमन देवाजी गव्हारे (दोनों कुंघड़ा के निवासी), भदभिड़ी के अनिकेत साईनाथ बरलावार और गट्टेगुड़ा की आरोही मोगरकर (8) के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि एक और मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है.

# 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट

▸ यूपी, राजस्थान समेत 20 राज्यों में मौसम चेतावनी
▸ दिल्ली में यलो अलर्ट, जम्मू-कश्मीर में बारिश और बर्फ

**नई दिल्ली/श्रीनगर/शिमला, 30 मार्च। देश में बेमौसम बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने यूपी और राजस्थान समेत 20 राज्यों में आज बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान के 25 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना है, जबकि उत्तर प्रदेश के 46 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है.**

पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी का



दौर जारी है, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई। दिल्ली में यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में अगले दिन हल्की बारिश और तूफानी हवाओं की संभावना जताई है। देश में बेमौसम बारिश और बर्फबारी का दौर जारी है. मौसम विभाग ने यूपी और राजस्थान समेत 20 राज्यों में बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया है. राजस्थान के 25 जिलों में आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है, जबकि उत्तर प्रदेश के 46 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है. हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति और मनाली में ताजा बर्फबारी हुई, वहीं सोलन और शिमला जिलों में बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड के नैनीताल और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बारिश और बर्फबारी के साथ 40-50 किमी प्रति घंटे की तेज हवाओं की संभावना है।

## बंगलादेश में तेज़ी से फैल रहा खसरा

**ढाका, 30 मार्च.** बंगलादेश में इस वर्ष अब तक खसरा और उससे जुड़ी जटिलताओं के कारण कई लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि यह अत्यधिक संक्रामक बीमारी देश के कई हिस्सों में तेजी से फैल रही है. ढाका के डॉक्टरों और स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, खसरे के मामलों में वृद्धि दिसंबर से शुरू हुई और इस महीने इसमें तेज उछाल दर्ज किया गया। वर्ष अब तक सामने आई 38 मौतों में से 32 मौतें केवल इसी महीने हुई हैं। इनमें से 21 मौतें ढाका के संक्रामक रोग अस्पताल में हुई, जिनमें रविवार को हुई तीन मौतें भी शामिल हैं. ढाका इस संक्रमण का केंद्र बना हुआ है.

# मोदी बोले : बूथ मजबूत, तभी जीत के नए रिकॉर्ड

▸ 'मैं भी कार्यकर्ता हूं'- मोदी का असम में संदेश
▸ नमो ऐप से जुड़ें, बूथ स्तर पर जीत का लक्ष्य

**नई दिल्ली, 30 मार्च.** नरेंद्र मोदी ने 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत नमो एप्प के जरिए असम के भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद किया. उन्होंने खुद को एक कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि पार्टी की जिम्मेदारी निभाना उनका कर्तव्य है। मोदी ने बूथ स्तर पर मजबूत प्रदर्शन पर जोर देते हुए जीत के नए रिकॉर्ड बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा की नीतियों की सराहना की और कार्यकर्ताओं से सरकारी योजनाओं की जानकारी डिजिटल माध्यम से लोगों तक पहुंचाने की अपील की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत नमो एप के माध्यम से असम के



**पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव**

भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने खुद को भी एक साधारण कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि पार्टी जो भी जिम्मेदारी देती है, उसे निभाना उनका कर्तव्य है. प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि असम में मतदान के रिकॉर्ड टूटेंगे, लेकिन पार्टी को जीत के नए रिकॉर्ड भी बनाने होंगे. उन्होंने स्पष्ट किया कि यह तभी संभव है जब बूथ स्तर पर संगठन मजबूत होगा और कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे। इस दौरान मोदी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले कांग्रेस केवल कागजों पर समझौते करती थी, जिन्हें लागू नहीं किया जाता था. उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने शांति समझौतों को ईमानदारी से जमीन पर उतारा.

## भाजपा का ममता पर चुनाव प्रभावित करने का आरोप

**नई दिल्ली, 30 मार्च.** भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने और मतदाताओं को धमकाने का आरोप लगाया है. केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल और किरन रिजिजू के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई. पार्टी ने राज्य में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने की मांग की है। चुनाव आयोग ने इस पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है. पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर गर्मा गई है, जहां भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने और मतदाताओं को धमकाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल और किरन रिजिजू के नेतृत्व में भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग पहुंचा और



औपचारिक शिकायत दर्ज कराई. प्रतिनिधिमंडल में सुकांता मजूमदार और अनिल बलूनी समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल थे. भाजपा नेताओं ने आयोग को ज्ञापन सौंपते हुए राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने की मांग की. केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया से बातचीत में आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लोगों के घर-घर जाकर उन्हें धमका रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सत्ताधारी दल आल इंडिया तृणमूल कोंग्रस ने प्रशासन और पुलिस के सहयोग से चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित किया है.

## 267 अधिकारियों को हटाने के लिए उच्च न्यायालय में चुनौती

**कोलकाता, 30 मार्च.** पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग की ओर से बड़े पैमाने पर किये गये तबादलों को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गयी है। इस याचिका में चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसके तहत पश्चिम बंगाल में एक ही दिन में 267 अधिकारियों को उनके पदों से हटा दिया गया था। इन अधिकारियों में प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) और कई पुलिस थानों के प्रभारी (ओसी) शामिल हैं। इस मामले का ज़िक्र सोमवार को मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली खंड पीठ के सामने किया गया.

## 2.37 लाख से अधिक 85 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता घर से करेंगे मतदान

**नयी दिल्ली, 30 मार्च (वार्ता)** चुनाव आयोग ने कहा है कि चार राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों और छह राज्यों में होने वाले उपचुनाव में करीब दो लाख 37 हजार 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा मुहैया करायी जायेगी। आयोग ने इस सुविधा को लेकर विस्तृत आंकड़े जारी किए हैं। आयोग के अनुसार, केरल, असम और पुडुचेरी में इस सुविधा को लेकर उल्लेखनीय भागीदारी देखी जा रही है। आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, इन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 1,67,361 बुजुर्ग मतदाताओं (53.5 प्रतिशत) और 70,499 दिव्यांग मतदाताओं (15.22 प्रतिशत) को घर से मतदान की अनुमति दी गई है। इस तरह कुल मिलाकर 2.37 लाख से अधिक मतदाता इस सुविधा का लाभ उठाएंगे। आयोग द्वारा जारी राज्यवार आंकड़ों पर नजर डालें तो केरल में सबसे ज्यादा 1,45,521 बुजुर्ग मतदाताओं (71.27 प्रतिशत) और 62,240 दिव्यांग मतदाताओं (25.50 प्रतिशत) को होम वोटिंग की मंजूरी मिली है। असम में 19,774 बुजुर्ग (19.32 प्रतिशत) और 6,638 दिव्यांग मतदाता (3.23 प्रतिशत) इस सुविधा का लाभ उठाएंगे.

## पुडुचेरी में नोटा से चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

**पुडुचेरी, 30 मार्च।** पुडुचेरी के कालापेट सुनामी कॉलोनी के निवासियों ने नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों में सामूहिक रूप से नोटा को वोट देने की धमकी दी है. सुनामी कॉलोनी में लगभग 400 परिवार रह रहे हैं और यहाँ लंबे समय से सुरक्षित पेयजल की कमी और निर्बाध बिजली आपूर्ति नहीं होने की शिकायतें थीं। कुछ घरों में पोस्टर लगाए गए हैं जिनमें कहा गया है कि वे उन राजनीतिक दलों को वोट नहीं देंगे जो यहाँ स्थानीय निकाय चुनाव कराने में विफल रहे हैं. पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अनुसार, भूमिगत केबल की खराबी के कारण उनकी कॉलोनी की स्ट्रीट लाइटें पिछले दस वर्षों से काम नहीं कर रही हैं.

अभियान ▸ 11 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्र में तैयारी पूरी

# जनगणना 2027 का प्रथम चरण कल से होगा शुरू

**नई दिल्ली, 30 मार्च। सरकार ने जनगणना 2027 के पहले चरण में 11 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्र में लोगों के घरों के सूचीकरण का काम एक अप्रैल से शुरू करने की तैयारी कर ली है। प्रथम चरण में अप्रैल से सितंबर के बीच देशभर में सभी राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में घरों की गणना की जाएगी.**

दूसरे चरण के कार्यक्रम की घोषणा बाद में की जाएगी। इस चरण में व्यक्तियों से संबंधी सूचनाओं को एकत्र किया जाएगा. सरकार ने जनगणना 2027 के लिए 11,178 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया है।



जनगणना-2026 का पहला चरण 1 अप्रैल से शुरू हो रहा है। इसे 'हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना' कहा जाता है, जिसमें लोगों से घरों और बुनियादी सुविधाओं की जानकारी जुटाई जाएगी। इस चरण में कुल 33 सवाल पूछे जाएंगे। इसमें स्थिर रिश्ते में रहने वाले लिव-इन कपल्स को भी शादीशुदा माना जाएगा, यदि वे खुद मानते हैं कि उनका रिश्ता लंबा चलने वाला है। पहला चरण ऑनलाइन पोर्टल पर भी उपलब्ध होगा, जिससे लोग खुद अपनी जानकारी भर सकेंगे। इसके बाद दूसरा चरण आएगा, जिसमें पूरी आबादी से संबंधित विस्तार से जानकारी ली जाएगी, ताकि सरकार बेहतर योजनाएं बना सके।

भारत के जनगणना महापंजीयक और आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने राजधानी में जनगणना-2027 पर संवाददाता सम्मेलन में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इस बार गणना में लोगों की जाति संबंधी गणना भी की जाएगी.

> जनगणना अधिनियम 1948 के अनुसार लोगों की व्यक्तिगत सूचनाएं गोपनीय रखी जाएंगी और उनका किसी लाभ या अदालत आदमी प्रयोग नहीं किया जा सकेगा। प्रौद्योगिकी का प्रयोग बड़े स्तर पर किया जा रहा है, जिसमें लोग स्वयं की गणना भी कर सकेंगे। इसके लिए लोगों को अपने अपने क्षेत्र में जनगणना शुरू होने से 15 दिन पहले डिजिटल माध्यम से अपनी सूचनाओं को दर्ज करने का अवसर दिया जा रहा है, लेकिन हर हाल में गणित प्रत्येक घर में व्यक्तिगत रूप से जाकर सूचनाओं को एकत्रित करेंगे.